दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, शनिवार 18 अप्रैल 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुटखा, तम्बाखू एवं गुड़ाखू के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**कांकेर (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चौहान ने एपीडेमिक एक्ट-1897 के अधिन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण कांकेर जिले में गुटखा, तम्बाखू एवं गुड़ाखू के क्रय-विक्रय को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है, जो आगामी 03 मई 2020 या आगामी आदेश, जो पहले आये तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन किये जाने पर धारा-188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### तालाब में नवजात का शव मिला

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के लिमडीह गांव के तालाब में 7 माह के नवजात का शव मिला है। उरगा पुलिस ने प्रथम सूचना के आधार पर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। पंचनामा के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस थाना उरगा के निरीक्षक ने इस बारे में जानकारी दी है कि आज सुबह सात बजे के आसपास कुछ लोगों ने अपने गांव के तालाब में एक अपरिपच बालिका के शव को देखा। अनुमान है कि नवजात की उम्र 7 माह के आसपास होगी। लोगों ने इस बारे में डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद टीम ने वहां पहुंच स्थिति का जायजा लिया। जन सामान्य से इस बारे में आवश्यक पूछताछ की गई। किसी खास निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला संदिग्ध लगता है इसलिए मर्ग कायम किया गया है। इस सिलसिले में भ्रूण हत्या से संबंधित धारा 318 आईपीसी भी जोड़ी जाएगी और इस आधार पर आगे की जांच पड़ताल की जाएगी। यह बताना आवश्यक होगा कि समय पूर्व लिंग जांच कराए जाने को सरकार ने प्रतिबंधित किया है और इसे लेकर सभी सोनोग्राफी केंद्रों में विशेष निगरानी के लिए एक सेंट्रलाइज सिस्टम लागू किया गया है। शारदा एक्ट के प्रभावी होने के बावजूद इस तरह की घटनाएं अपने आप में चिंताजनक है।

### असहाय लोगों को भोजन कराया जा रहा

**कोरबा (आरएनएस)।** दिशा जनसेवा समिति द्वारा एक्ट ऑफ ह्यूमेनिटी की मदद से रोज 200 असहाय लोगों को दोपहर और शाम को भोजन एवं इलाज की व्यवस्था कराया जा रहा है। इसमें कानिज फातिमा, शमशाद खान, रमेश राजवाड़े, ओम प्रकाश है जो अपना पूरा समय निस्वार्थ लोगों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। सभी से उम्मीद कर रहे हैं कि सक्षम व्यक्ति आगे अकर उनकी सहायता के लिए सहयोग करें।

### ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया 10 लाख रूपए का योगदान

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना महमारी की रोकथाम में सहयोग के लिए ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन रायपुर ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में 10 लाख रूपए की सहयोग राशि दी है। ज्ञातव्य हो कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव तथा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए लॉकडाउन के दौरान यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस नेक कार्य के लिए राडा (रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन) के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

### धारावाहिक रामायण के रावण व केंवट छत्तीसगढ़ के ग्रामीण कल्चर से अति प्रभावित हुए थे

**रायपुर (आरएनएस)।** धारावाहिक रामायण के रावण व केंवट दोनों 1991-92 में साथ साथ छत्तीसगढ़ आये थे. वक्त निकाल कर दोनों जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज के गृह गांव खोल्हा (अभनपुर) पहुंचे जहाँ मड़ई मेले का आयोजन चल रहा था. मड़ई मेले के मंच में उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में रामायण धारावाहिक के डायलॉग भी सुनाये थे. छत्तीसगढ़ के ग्रामीण कल्चर से दोनों अति प्रभावित हुए थे. मंच में उन दोनों के अलावा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज एवं वर्तमान सांसद सुनील सोनी भी मौजूद थे.

### चौकी प्रभारी लाइन अटैच

**कोरबा (आरएनएस)।** रजगामार पुलिस चौकी प्रभारी एस आई कमलेश शेंडे पर सब्जी व्यापारियों व वहां मौजूद आम लोगों ने फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखने के नाम पर जमकर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। एसपी अभिषेक मीणा ने प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है। केवट समाज के रजगामार अध्यक्ष गणेश केवट ने आरोप लगाया है कि चौकी प्रभारी ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को गिरा दिया। इसकी वजह से सप्ताहिक बाजार में कुछ देर के लिए अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

# लॉकडाउन के दौरान छत्तीसगढ़ के अन्य राज्यों में फंसे 7384 श्रमिकों को दी गई 49.27 लाख रूपए की सहायता

**रायपुर (आरएनएस)।** नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस अवसर पर श्रम विभाग के सचिव श्री सोनमणि बोरा और नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी भी उपस्थित थें।

श्रम मंत्री डॉ. डहरिया ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान छत्तीसगढ़ के अन्य राज्यों में फंसे सात हजार 384 श्रमिकों को 49 लाख 26 हजार 900 रूपए की आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ के जिलों एवं राज्य से बाहर लगभग एक लाख 62 हजार 649 श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया और उन्हें लाभांवित किया गया।

श्रम मंत्री ने बताया कि श्रमिकों की समस्याओं के लिए राज्य स्तर पर 24गं7 हेल्पलाईन 0771-2443809, 91098-49992 एवं 75878-22800 तथा सभी 27 जिलों



में हेल्पलाईन नंबर स्थापित किये गये हैं। राज्य हेल्पलाईन द्वारा अब तक 4357 सूचनाएं प्राप्त हुई है जिसमें से 4163 सूचनाओं का निराकरण तत्काल किया गया एवं जिला हेल्पलाईन नंबर से अब तक कुल 1792 सूचनांए प्राप्त हुई है, जिसमें से 1788 सूचनाओं का निराकरण तत्काल किया गया। श्रम विभाग को अब तक कुल 6149 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं जिसमें से 5951 सूचनाओं का निराकरण तत्काल किया गया है।

छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों की श्रमिक अन्य राज्यों में लॉकडाउन के दौरान फंसे हुए है। उनकी समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों के खाते में नगद राशि का भुगतान किया गया है। जिनमें मुंगेली जिले के 3432 श्रमिक बेमेतरा जिले के 3553, कबीरधाम के 274, दुर्ग-58, रायगढ़-30, सूरजपुर-29, गरियाबंद-5, कोरबा-2 और बलरामपुर जिले के एक श्रमिक को मिलाकर कुल 7379 श्रमिकों के खाते में कुल 49.27 लाख रूपये का भुगतान किया गया। राहत शिविरों एवं औद्योगिक परिसर तथा कार्यस्थल में रह रहे लगभग 38 हजार 404 श्रमिकों, व्यक्तियों के लिये प्रशासन एवं अन्य संगठनों के माध्यम से भोजन, राशन एवं अन्य व्यवस्था करायी गई है।

राज्य में हेल्पलाईन, जिला हेल्पलाईन, सोशल मिडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से सीधे संपर्क एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर अब तक छत्तीसगढ़ के अन्य राज्यों में कुल 64 हजार 416 प्रवासी श्रमिकों को राशन एवं अन्य आवश्यकताओं, समस्याओं का निराकरण किया गया। सबसे ज्यादा जम्मू-15 हजार 855, महाराष्ट्र-11 हजार 718, उत्तर प्रदेश-10 हजार 365, तेलंगाना- सात हजार 927, गुजरात-5 हजार 599, मध्यप्रदेश- एक हजार 686, हिमांचल प्रदेश-एक हजार 575, कर्नाटक-एक हजार 427, तमिलनाडू- एक हजार 404, दिल्ली-एक हजार 228 एवं राज्यों में होने की सूचना मिली, जो कि बलौदा-बाजार-20 हजार 424, जांजागीर-चांपा-11 हजार 159, मुंगेली-6 हजार 144, कबीरधाम-5 हजार 850, राजनांदगांव-5 हजार 365, बिलासपुर-4 हजार 129, बेमेतरा-3 हजार 559, रायगढ़-2 हजार 112, रायपुर-एक हजार 352, दुर्ग एक हजार 187, गरियाबंद-622, सूरजपुर-464, महासमुंद 424, बालोद-332 एवं 327 कोरबा जिलों से संबंधित हैं।

## युवती की हत्या गला घोंटकर की गई पीएम से हुआ खुलासा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से दस किमी की दूरी पर विगत दिनों आसना जंगल में मिली युवती कविता की अधजली लाश के मामले में पीएम रिपोर्ट मिल गई है, जिसमें युवती का पहले गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को जलाकर साक्ष्य नष्ट करने की बात सामने आ रही है।

उल्लेखनिय है कि 08 अप्रैल को पेट्रोल पंप से काम खत्म कर मृतिका युवती कविता अपने घर जाने के लिए अपनी स्कूटी से निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। युवती के घर नही पहुचने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बकावंड चौकी में दर्ज करवाई। जिसके बाद दूसरे दिन आसना के पास ढोढरेपाल के जंगल में युवती का अधजला शव मिला। परिजनों ने उसकी शिनाख्त बकावंड की रहने वाली कविता झाली उर्फ कविता नेताम 22 वर्ष के रूप में की गई थी। परिजनों ने बताया कि मृतिका और उसके पति के बीच संबंध ठीक नहीं थे, जिसके कारण महिला अपने पति से अलग मायके में रह रही थी।

नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि पोस्ट मार्डम रिपोर्ट आज ही मिला है, जिसमें गला दबाने से युवती की मौत होना बताया गया है। मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है, जल्द ही हत्यारों तक पहुचने की बात कही है।

## छत्तीसगढ़ में एक और कोरोना मरीज हुआ डिस्चार्ज

» गुरूवार देर रात कटघोरा में मिले थे 03 नये संक्रमित मरीज

» एम्स रायपुर में किया गया भर्ती, वर्तमान में कुल 12 मरीजों का उपचार जारी

» राज्य में 65911 लोग अभी भी होम क्वारेंटीन में

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में आज एक और कोरोना संक्रमित मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट गया। हालांकि गुरूवार की देर रात में प्रदेश के हॉट स्पॉट्स कटघोरा में 03 और कोरोना संक्रमित मरीज मिले थे। उन्हें भी एम्स रायपुर में



दाखिल कराया गया है। एक मरीज के डिस्चार्ज के बाद अब प्रदेश में कुल 12 मरीज ही बचे है, जिनका एम्स में उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर द्वारा 17 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जारी बुलेटिन में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1914916 से बढ़कर 1991562 जा पहुंची है, वहीं इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी 123010 से बढ़कर 130885 तक जा पहुंची है।

भारत देश की बात करें तो कोरोना वायरस से अभी तक 32 राज्य प्रभावित है जिनमें संक्रमित मरीजों की संख्या पिछले 24 घंटे में 12759 से बढ़कर अब 13835 हो गई है, वहीं इस संक्रमण से मृतकों की संख्या 420 से बढ़कर 452 पहुंच गई है। यानी पिछले 24 घंटे के दौरान भारत में 32 और मरीजों की मौत हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो देश के अन्य राज्यों की तुलना में यहां कोरोना मरीजों की संख्या गुरूवार शाम तक 16 से घटकर 10 तक आ पहुंची थी, लेकिन प्रदेश के हॉट स्पाट्स घोषित कटघोरा में देर रात में 03 और कोरोना संक्रमित मरीज पाये गये, जिन्हें आज एम्स रायपुर लाकर भर्ती कराया गया है। इस तरह कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में बढ़कर 13 पहुंच गई थी, लेकिन पहले से भर्ती 10 मरीजों में एक और मरीज की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।

## नारायणपुर में नौ हजार से ज्यादा संग्राहकों से 6775 क्विंटल वनोपजों की खरीदी

» वनवासियों को ढाई करोड़ रुपए का नकद भुगतान

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के नारायणपुर जिले में अब तक नौ हजार से ज्यादा संग्राहकों से छह हजार सात सौ 75 क्विंटल वनोपज की खरीदी कर ढाई करोड़ रूपए का नकद भुगतान किया गया है। वनमण्डाधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा 15 लघु वनोपजों के अतिरिक्त सात लघु वनोपजों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जानी है। उन्होंने बताया कि जिले के वनमंडल का वनोपज संग्रहण का लक्ष्य 24470 क्विंटल है। जिसके विरूद्ध अब तक 6775 क्विंटल वनोपजों की खरीदी कर



नकद भुगतान किया गया है।

राज्य में 22 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही। इसी कड़ी में नारायणपुर जिले में भी अभी 6 लघु वनोपजों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीदी कर हितग्राहियों को नकद भुगतान किया जा रहा है। अब तक लघु वनोपजों में इमली 6481.40 क्विंटल, हर्रा 195.14 क्विंटल, आंवला 0.25 क्विंटल, महुआ फूल 28.02 क्विंटल, बहेड़ा 36.75 क्विंटल, और चरोटा 42.50 क्विंटल बीज की खरीदी की गई हैं।

नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के रोकथाम नियंत्रण व बचाव के साथ-साथ लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सात लघु वनोपज समितियों के 68 महिला स्व-सहायता समूह द्वारा गांव स्तर पर लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। जिले में सात लघु वनोपज समितियां नारायणपुर, एड़का, सोनपुर, बेनूर, गढ़बेंगाल, फरसगांव और धौड़ाई है। समितियों द्वारा संग्राहकों को कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव और सावधानी की भी समझाईश दी जा रही है।

स्व-सहायता समूह की महिलाएं गाँव में संग्राहकों के घर-घर जाकर निर्धारित सामाजिक दूरी और मास्क पहनकर वनोपज का क्रय-विक्रय कर रही हैं। घर-घर जाकर खरीदने से वनोपज की गुणवत्ता भी बनी रहती है।

## हमर चंऊर के बोरी भरे हे, भुपेश सरकार चिंता हरे हे : दु महीना बैठ के खाबो, घर मे रबो, कोरोना ल हराबो

**रायपुर (आरएनएस)।** फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरिद की भुंजिया पारा में अंत्योदय के 86 परिवारों को दो महीने का निःशुल्क चावल मिला। भुंजिया समुदाय के फिरंतीन बाई भुंजिया व साकिन बाई कहती है कि जब हमर सरकार घर घर मे बैठे बैठे दो महीना के चँउर देवत हे त काबर बाहर जाबो, घर मे रबो, कोरोना ल हराबो। इस व्यवस्था से खुश होकर वे कहती है कि हमर भुपेश सरकार सुग्घर ब्यवस्था करे हे। ऐसे ही कई गरीब परिवारों का कहना है कि दो महीने का एक साथ निःशुल्क राशन मिलने से उनकी दो वक्त का भोजन का इंतजाम हो गया है और वे अब निश्चिंत है। गरियाबंद जिले के सभी 1 लाख 58 हजार बीपीएल कार्डधारियों को दो माह का एकमुश्त राशन निशुल्क मिल रहा है। जिले के 342 राशन दुकानों के माध्यम से राशन वितरण का काम भी शुरु हो गया है । यह गरीबो के लिए सुकून देने वाला फैसला है जिसका हितग्राहियों द्वारा खुले दिल से प्रशंसा किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि गरियाबंद जिले में 1 लाख 58 हजार 338 प्रचलित अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन, एकल, निराश्रित और अन्नपूर्णा श्रेणी के राशनकार्डधारियों को अपैल और मई, दो माह का राशन वितरण निशुल्क किया जा रहा है।

## कलेक्टर मौर्य ने एबीस के इंदामारा प्लांट का किया आकस्मिक निरीक्षण

» मौर्य ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए वर्करों के लिए किए गए सुरक्षात्मक उपायों का लिया जाएजा

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने आज एबीस एक्सपोर्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के इंदामारा राईस ब्रांड आयल तथा पोल्ट्री फीड प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौर्य ने वहां पर विशेष रूप से वर्करों को कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए किए गए विभिन्न उपायों का जायजा लिया। मौर्य ने प्लांट के अंदर पहुंचकर वर्करों से बातचीत की। प्लांट के वर्कर मास्क लगाकर काम कर रहे थे। प्लांट के मुख्य प्रवेश द्वार पर सेनेटाईज टनल भी बनाया गया है। कलेक्टर मौर्य ने इसको भी देखा। उन्होंने वर्करों की भोजन व्यवस्था की जानकारी ली और वर्करों के लिए तैयार भोजन का निरीक्षण भी किया।

मौर्य ने बाकल में इस कंपनी द्वारा स्टाफ के लिए बनाए गए क्वाटर भी देखने पहुंचे। मौर्य ने कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में विभिन्न जरूरी उद्योगों को शुरू करने की योजना है। इसके तहत श्रमिकों के नाश्ते और खाने के प्रबंध किया जाएगा। श्रमिकों को स्थाई रूप से संबंधित उद्योग परिसर में रखा जाना है। श्रमिक एक बार कारखाने में आएंगे और वहीं रहेंगे।

## ओपी जिन्दल स्कूल परिवार ने दी 2.44 लाख रूपए की सहयोग राशि दी

रायपुर, 17 अप्रैल (आरएनएस)। कोरोना महामारी के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन के दौरान विभिन्न राहत कार्यों के लिए ओ.पी. जिन्दल स्कूल रायगढ़ के कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 2 लाख 44 हजार रूपए की सहयोग राशि प्रदान की गई है। इस नेक कार्य के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओ.पी. जिन्दल स्कूल परिवार एवं समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी लोगों से मुख्यमंत्री सहायता कोष में धनराशि जमा कराने की अपील की गई है। प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक, समाजिक संगठनों के अलावा आम नागरिकों सहित समाज के हर वर्ग के लोगों द्वारा इस कोष में लगातार योगदान दिया जा रहा है।

## फिजिकल डिस्टेंसिंग के साथ मनरेगा कार्य का ग्रामीणों में उत्साह

**दुर्ग (आरएनएस)।** ग्राम मुरमुंडा का सुबह सुबह का दृश्य, नाली गहरीकरण के लिए मनरेगा श्रमिक जुट गए हैं। सभी ने अपने मुंह को मास्क से ढंका है। रोजगार सहायक सभी से पूछते हैं। अब कौन सा जरूरी काम करना है। सभी ने कहा कि हाथों को धोना है। फिर सभी को सैनिटाइज किया गया। ग्रामीणों ने उत्साह से कहा कि देखो हम कोरोना से बचाव के उपाय भी कर रहे हैं और काम भी शुरू करा दिया है। मुरमुंडा की तरह ही अनेक ग्राम पंचायतों में उत्साह से मनरेगा का काम हो रहा है। नंदवाय में जहां भूमि सुधार कार्य हो रहा है। वहां भी ऐसा ही दृश्य है। नंदवाय के ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा के माध्यम से उन्हें भुगतान तो होगा ही, गांव में भूमि सुधार का कार्य भी होगा। भूमि सुधार से भूमि की उत्पादकता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते दिनों सभी अधिकारियों को ग्रामीण विकास की योजनाओं में तेजी लाने तथा अगले कुछ महीनों में मनरेगा सहित अन्य कार्यों को युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत कार्यों को अविलंब प्रारंभ करें, साथ ही नये कार्यों का चिन्हांकन करें।

ग्राम मुरमंडा में काम में लगे ग्रामीणों ने कहा कि हमें संक्रमण से बचाने के लिए हाथ धोने की सुविधा प्रशासन दे रहा है। जिला पंचायत सीईओ कुंदन कुमार ने भी बीते दिनों बैठक लेकर मनरेगा के श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा नये कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। अभी 21 हजार से अधिक श्रमिक- अभी मनरेगा के 21561 श्रमिक जिले में काम कर रहे हैं।

यह 207 ग्राम पंचायतों में 1136 कार्यों में लगे हुए हैं। ग्राम पंचायतों को नये कार्यों का चिन्हांकन करने कहा गया है। चिन्हांकित किए गए कार्यों में जलसंरक्षण से संबंधित कार्य सबसे अहम हैं। इसके साथ ही भूमि सुधार से संबंधित कार्य भी किया जा रहा है। जलसंरक्षण इसी संबंध में बनाई गई नरवा, गरुवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के अहम हिस्से हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथ्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा प्राधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्त विरले पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU